o/c

प्रेस विज्ञप्ति

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा प्रख्यापित पराविधिक स्वयंसेवकों संशोधित स्कीम Para Legal Voluteers Scheme के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर मुख्यालय में अधिकतम 20 एवं इसके अधीन तहसील विधिक सेवा समितियों, सदर हमीरपुर, मौहहा, राठ, सरीला प्रत्येक में 05–05 पराविधिक स्वयंसेवकों पी0एल0वी0 की नियुक्ति हेतु निम्न शर्तो के अधीन जनपद हमीरपुर के स्थानीय निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। उक्त पराविधिक स्वयं सेवक की न्यूनतम योग्यता हाईस्कूल तथा जो निःशुल्क/निःस्वार्थ स्वयं सेवा भाव से समाज के कमजोर वर्ग के लोगो के प्रति सहानुभूति भाव से उनके जीवन स्तर को सुधारने का भाव रखता हो एवं कार्य के प्रति समर्पण हो। जिसमें शिक्षक (कार्यरत व अवकाश प्राप्त), अवकाश प्राप्त शासकीय कर्मचारी (एम0एस0डब्ल्यू0) डिग्री धारी आंगनबाड़ी कार्यकत्री डॉक्टर/फिजीशियन, छात्र एवं विधि छात्र अधिवक्ता के रूप में पंजीयन तक) गैर राजनैतिक संगठन के सदस्य,स्वंयसेवी महिलाओं सम्बन्धी समूह के सदस्य और अन्य स्वयं सहायता समूह जिसमे आदिवासी एवं सीमान्त समूह शामिल हो, शिक्षित बंदी–लंबी अवधि की सजावाले, साक्षर जिनको आचरण अच्छा हो, ऐसे अन्य व्यक्ति जिन्हें जिला विधिक प्राधिकरण अथवा तहसील विधिक सेवा समिति (पी0एल0वी0) गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा ,उक्त पराविधिक स्वयं सेवकों पी0एल0वी0 के चयन में महिलाओं को वरीयता दी जायेगी। अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के समूह का प्रतिनिधित्व करने वाले अभ्यर्थी/अल्पसंख्यक और अन्य पिछड़े वर्गो का प्रतिनिधित्व अवश्य निश्चित किया जायेगा। चयनित किये गये पी0एल0वी0 का प्रशिक्षण अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के र्प्यवेक्षण में तथा सदस्य सचिव के नियन्त्रणाधीन प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न किया जायेगा समय–समय पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मानदेय देय होगा चयनित पी0एल0वी0 के आचरण कार्य, व्यवहार के आकलन के आधार पर प्रत्येक वर्ष नवीनीकरण किया जायेगा आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में ग्राम स्तर, तहसील स्तर, एवं जिला स्तर का उल्लेख किया जायेगा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर में आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक व अनुभव प्रमाण पत्र के साथ सीधे अथवा डाक द्वारा प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक 15.01.2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर से सम्पर्क किया जा सकता है पूर्व में दिनांक 07.12.2023 को संचालित की गयी नियुक्ति प्रकिया समिति के निर्णय के अनुसार कतिपय कारणवश निरस्त की जाती है। आवेदन पत्र का प्रारूप जनपद न्यायालय हमीरपुर की वेबसाइट https://hamirpur.dcourts.gov.in से डाउनलोड अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

दिनांक–

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
हमीरपुर।

प्रतिलिपि–1.जिला अधिवक्ता संघ को नोटिस बोर्ड पर लगाये जाने हेतु।
2.जिला सूचना अधिकारी को सभी समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराये जाने हेतु। 5-1-26
3.तहसील विधिक सेवा समिति सदर/मौदहा/राठ/सरीला को नोटिस बोर्ड पर लगाये जाने हेतु।

03/01/26

दिनांक–

03/01/2026

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
हमीरपुर।

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय हमीरपर।

जनपद न्यायालय हमीरपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर के माध्यम से विधिक सहायता करने हेतु जिला कारागार हमीरपुर, में जेल पराविधिक स्वयं सेवक (पी0एल0वी0) के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूपः—

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में).....
   (अंग्रेजी में).....

आवेदक का स्वप्रमाणित नवीनतम फोटो

2. आवेदक के पिता का नाम (हिन्दी में) .....
3. जन्म तिथि (अंको में) .....
   शब्दो में) .....

दिनांक 01.01.2024 को आयु ..... वर्ष.....माह.....दिन

4. व्यवसाय ....
5. आवेदक का वर्तमान पता (मोबाइल न0 सहित).....
6. आवेदक का स्थायी पता (मोबाइल न0 सहित).....
7. क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अल्पसंख्यक और अन्य पिछड़ा वर्ग में किसी एक का प्रतिनिधित्व करते हैं तो स्पष्ट उल्लेख करें।.....
8. शैक्षिक योग्यता (स्व प्रमाणित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न करें)

क्रम सं0	परीक्षा	बोर्ड/विश्वविद्यालय	वर्ष	श्रेणी	प्रतिशत
1	हाईस्कूल/समकक्ष				
2	इण्टरमीडिएट/समकक्ष				
3	स्नातक				
4	परास्नातक				
5	अन्य योग्यता				

9. ऐसी कोई विशेष अर्हता/अनुभव जिसका उल्लेख करना चाहते हों (प्रमाण पत्र सहित)।
10. शैक्षिक संस्था का नाम जहां शिक्षक के रूप में सेवारत है (संस्था के प्रधान का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें।)
11. सेवानिवृत्ति का दिनांक .....
    शैक्षिक संस्था/विभाग का नाम.....
    (सेवानिवृत्ति की दशा में पेंशन प्रपत्र की छायाप्रति संलग्न करें।)

(आवेदक के हस्ताक्षर)

उद्घघोषणा

मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि उपरोक्त सभी सूचनाएं मेरे निजी ज्ञान में सच व सही है। यदि किसी भी समय उक्त सूचनाएं गलत या झूठ पायी जाती हैं तो पूर्णरूपेण जिम्मेदार मैं स्वयं रहूंगा/रहूगी व इस सम्बन्ध में विभाग द्वारा मेरे विरूद्ध की गयी कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी। मैंने आवेदन सम्बन्धी समस्त नियम/शर्तों का भली—भांति अवलोकन कर लिया है तथा वे सभी मुझे स्वीकार हैं।

दिनांक—
स्थानः—

(आवेदक के हस्ताक्षर)